# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

5 जुलाई 2025, बरेली




# आईसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती पर नहीं देना होगा चार्ज

**एसआरएमएस**

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर कई घोषणाएं
- उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशंसा पत्र और गिफ्ट दे सम्मानित किया

**बरेली, प्रमुख संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को चेयरमैन देव मूर्ति ने मरीजों को राहत देने वाली कई घोषणाएं कीं। एसआरएमएस के आईसीयू में 21 से ज्यादा दिनों तक भर्ती रहने वाले मरीजों से बेड और नर्सिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। तीमारदारों को 12 रुपए में भोजन भी दिया जाएगा। स्टाफ के 50 लोगों को 10 रुपए में भोजन मिलेगा। देव मूर्ति ने कहा कि हादसों में बढ़ती जनहानि को रोकने के लिए एसआरएमएस में जल्द ही 250 बेड के आईसीयू के साथ ट्रामा यूनिट बनाई जाएगी। ड्रोन के सहारे उपचार मुहैया कराया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को उनके घरों तक आईसीयू उपलब्ध कराना भी योजना का हिस्सा है। देव मूर्ति ने पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग, चिकित्सक, विद्यार्थी और स्टाफ को प्रशंसा पत्र-गिफ्ट देकर सम्मानित किया। संस्थान से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को उपहार देकर विदाई दी। स्थापना दिवस समारोह से पहले देव मूर्ति ने ने अपने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री-पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण किया। कनेक्सस क्लब के विद्यार्थियों ने केक काटा। रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 40 लोगों ने रक्तदान किया।

**पुरस्कार मिले तो खिले चेहरे** :स्थापना दिवस पर 19 कर्मियों को प्रशंसा पत्र के साथ 5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया। शोध कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एमबीबीएस के 10 विद्यार्थियों 2100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। मेडिकल साइंसेज सप्लीमेंट वन नाम से एसआरएमएस मेडिकल जर्नल और मेडिकल एजुकेशन यूनिट की मैगजीन कनेक्ट 2025 का भी विमोचन किया गया।



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज का 24 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ।